एक नजर में

कारखाने की आम सभा नियम विरूद्ध करें स्थगित एवं प्रबंध संचालक को हटाए : किशोरी देवी

बुरहानपुर । पूर्व अध्यक्ष किशोरी देवी शिवकुमार सिंह ठाकुर,नवल सिंह सहकारी शक्कर कारखाना, नवल नगर झिरी, बुरहानपुर द्वारा 26 सितंबर को एक पेसवात्र लेते हुवे बताया गया कि नवल सिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित नवल नगर, झिरी बुरहानपुर मध्यप्रदेश की 44वीं वार्षिक आम सभा दिनांक 25/09/2025 को आयोजित की गई , जिसमें निर्वाचित 86 डेलीगेट्स को ही उपस्थित होने के सूचना पत्र श्री बी.एल.मकवाना द्वारा प्रेषित किए गए । जबकि कारखाने के पूर्ण रूप से निर्वाचन संपन्न नहीं हुए है। जिसके कारण समस्त अंश धारी सदस्यों को वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने की सूचना भेजी जाना थी , वह नहीं भेज कर नियमों का उल्लंघन किया है एवं वार्षिक आम सभा में जो अंश धारी सदस्य उपस्थित होने के लिए आए , उन्हें सभा स्थल पर आने से रोका गया एवं उनके साथ अभद्रता से पेश आए हैं। उन्होने कहा कि प्रबंध संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाना चाहिए। उन्होने कहा कि यही प्रबंध संचालक बी.एल.मकवाना पर कारखाने की मतदाता सूची में हेर फेर करने के आरोप लगने के कारण इन्हें कारखाने के प्रशासक पद से माननीय हाई कोर्ट के आदेश से हटाया गया है।

बतादे कि श्री मकवाना ने प्रशासक बनते ही मतदाता सूची में हेरा फेरी करने वाले कर्मचारियों, जिसे कलेक्टर महोदय ने निलम्बित किया गया था उन्हें निलंबन से बहाल कर दिया गया था। बी.एल.मकवाना पर माननीय हाई कोर्ट,जबलपुर में न्यायालय की अवमानना का प्रकरण प्रचलित होने के बाद भी ऐसे संदिग्ध अधिकारी को कारखाने का प्रबंध संचालक बनाया है। जो नियमों के विरुद्ध है। अत: आम सभा स्थगित कर प्रबंध संचालक पर कार्यवाही करने हेतु श्रीमान आयुक्त एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाए, भोपाल एवं श्रीमान कलेक्टर एवं प्रशासक को पत्र प्रेषित किये गये है। इस दौरान प्रेसवार्ता में आदित्यवीर सिह ठाकुर, हर्षित ठाकुर, मुरलीधर महाजन एवं दिलिप पाटील भी मौजुद थे।

आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफलिविंग के द्वारा प्रस्तुत गुरु भक्ति सत्संग कार्यक्रम संपन्न

बुरहानपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर ब्रह्मपुर नगर के रास्तीपुरा वार्ड में शिवाजी सेना गणेश मंडल के प्रयासों से प्रख्यात आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफलिविंग का गुरु भक्ति सत्संग आयोजन वार्ड वासियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। व्यक्ति विकास केंद्र के साधकों द्वारा गुरु भक्ति के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई. परम पूजनीय भागवताचार्य माननीय श्रीमती ममता दीदी व्यास. श्रीमती दीपाली जी पंडित.विजय दुम्बवानी जी . संतोष जी देवताले .भरत जी रावल. श्रीमती चुन्नाबाई महाजन. की प्रस्तुतियों ने समस्त भक्तिमय वातावरण से श्रद्धालुओं को आत्मविभोर कर दिया। आयोजन की सफलता में रविंद्र जी पंडित. राजेंद्र जी पवार .अश्विनी जी मेहता. दिनेश जी आदमने. श्रीमती स्नेहा जी मुंगी का योगदान उल्लेखनीय रहा. गुरु भक्ति के सत्संग का विश्राम मां जगदंबे की आराधना के साथ हुआ।

ग्राम सीवल से निकली चुनरी यात्रा

नेपानगर। ग्राम सीवल में शुक्रवार को चुनरी यात्रा निकाली गई। ग्राम के यश बैरागी ने बताया हर साल की तरह इस साल भी मां अंबे की चुनरी यात्रा गणेशपुरा सीवल से नजदीकी मनवा देवी माता मंदिर ले जाया जाता है। लगातार आठ साल से यह परंपरा चल रही है। 31 मीटर की चुनरी माताजी को ओढ़ाई जाती है। इस दौरान ग्रामीण शामिल हुए।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत डिजिटल लेनदेन साक्षरता कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

शाहपुर । भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर महोदय एवं नगर परिषद अध्यक्ष के आदेशानुसार नगर परिषद शाहपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 25 सितम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे निकाय सभागृह में पी.एम.स्वनिधि योजना एवं स्व.सहायता समूहों के हितग्राहियों हेतु डिजिटल लेनदेन साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के समस्त शासकीय बैंकों के प्रबंधकध्प्रतिनिधि एवं पेमेंट एग्रीगेटर ;फोन.पे, गूगल.पे, भारत.पे के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को डिजिटल लेनदेन की विधियां , रूपे कार्ड, नेट बैंकिंग, सुरक्षित लेनदेन एवं साइबर सावधानियां, ऋण, बचत, बीमा एवं निवेश संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही परिवार एवं समूह स्तर पर बजट प्रबंधन, ऋण चुकौती की आदत विकसित करने, इंटरेस्ट सब्सिडी की जानकारी, पीएम स्वनिधि योजना,जन.धन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ.साथ महिला रोजगारोन्मुखी योजनाओं के विषय में भी मार्गदर्शन दिया गया। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि क्रेडिट कार्ड जैसी व्यवस्थाएं वित्तीय साक्षरता के अभाव में आर्थिक रूप से हानिकारक सिद्ध हो सकती हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती साधना विरेन्द्र तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके सान्निध्य में सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता प्रतिज्ञा भी ली। इसी अवसर पर एक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गयाए जिसमें नगर परिषद शाहपुर के कर्मचारीगणए जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस आयोजन में अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, परिषद पदाधिकारीगण,जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर परिषद शाहपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

रेणुका पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल सामग्री के साथ मॉक ड्रिल कराई

शासकीय पुलिस वाहनों का किया गया निरीक्षण,संसाधनों से लैस रखने के दिए निर्देश।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । आगामी त्योहारों को निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु बुरहानपुर पुलिस द्वारा तैयारियां की जा रही है। सभी पर्व शांति पूर्ण ढंग सम्पन्न कराये जाने एवं किसी भी प्रकार की आपात परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की तैयारी परखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में आज दिनॉक 26/09ण्25 को रेणुका पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में सुबह बलवा ड्रिल सामग्री के साथ मॉक ड्रिल कराई गयी। बलवा मॉक ड्रिल का अभ्यास पुलिस अधीक्षक के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में किया गया।

बलवा मॉक ड्रिल के दौरान दंगाई बने पुलिस कर्मियों द्वारा उत्पात मचाते हुए पत्थर बाज़ी की गई। बलवाइयों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस पार्टियों जिनमें कैन पार्टी,लाठी पार्टी,अश्रु गैस पार्टी शामिल थी उनके द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। मॉक ड्रिल में टियर गैस पार्टी एवं वज्र वाहन द्वारा दंगाई बने पुलिस कर्मचारियो को तितर.बितर करने के लिये अश्रु गैस के गोले चलाए गये। पुलिस की सख्ती एवं अश्रु गैस के प्रभावी उपयोग के कारण दंगाई भाग खड़े हुए। जिसके बाद एंबुलेंस जो जीवन रक्षक उपकरणों से लैस थीए से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित बल को ऐसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने बताया की यह आपका तो अभ्यास है। आपातकालीन परिस्थिति कभी भी बन सकती है। पुलिस फोर्स सदैव अपनी तैयारी पुख्ता रखें। उन्होंने बताया कि बलवा होने की स्थिति में टीम को क्रमवार क्या.क्या कार्यवाही करनी होगी। केन और लाठी पार्टी को किस प्रकार आगे बढना है और अश्रु गैस का इस्तेमाल करना है। छोटी सी घटना की जानकारी भी लगती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही करें।

हमारी कार्यवाही निष्पक्ष होना चाहिये। हमारा प्रमुख उद्देश्य शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिये। आपकी कार्यवाही से आम नागरिकों में पुलिस के प्रति सुरक्षा का भाव हो तथा असामाजिक तत्वोंध्गुण्डे बदमाशों में पुलिस का खौफहोना चाहिये। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान बलवा सामग्रीएहेलमेटएबॉडीगार्ड एजालीएकेन इत्यादि सदैव पास में रखने हेतु निर्देशित किया।

ड्रिल के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस के शासकीय वाहनों ए थाना मोबाइल वाहनों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वाहनों के पी, सिस्टम,बलवा ड्रिल सामग्री जैसे रस्सा, हेलमेट, बॉडी शील्ड, इमरजेंसी बैटरी, फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स आदि चेक किए। उन्होंने वाहनों के ड्राइवरों को आपातकालीन परिस्थिति के लिए वाहनों को सदैव तैयार रखने के लिए निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेशित किया गया कि थाने के शासकीय वाहनों में बलवा ड्रिल सामग्री एवं टियर गैस सेल हमेशा रहे। सायरन/पीएसिस्टम चालू हालत में हो। नियमित रूप से थाना प्रभारी शासकीय वाहनों को चेक करें। वाहन पूरी तरह अपडेट रहेंए वाहनो में बलवा ड्रिल सामग्री हमेशा उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें।

रेडक्रॉस सोसाइटी चुनाव में पत्रकारों ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

बुरहानपुर प्रेस क्लब ने आयोजित किया सम्मान समारोह , कहा . महत्वपूर्ण पद दिया जाए पत्रकारों को।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। रेडक्रॉस सोसाइटी चुनाव में बुरहानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष द्वय मुकेश पूर्वे और अजय उदासीन के संचालक पद पर निर्वाचित होने के बाद शुक्रवार को शहर का माहौल पत्रकारिता के रंग में रंग गया। कलेक्ट्रेट कैंटीन में दोपहर 2.30 बजे आयोजित सम्मान समारोह में जिलेभर के पत्रकार, संपादक और पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी एकजुट होकर इन वरिष्ठ पत्रकारों का अभिनंदन करने पहुँचे। सम्मान समारोह में हर तरफउत्साह और गर्व का माहौल नजर आया।

पत्रकारों ने अपने बीच से चुनकर निकले वरिष्ठ पत्रकारों की जीत को बुरहानपुर की पत्रकारिता की उपलब्धि बताया और प्रशासन से मांग की की जब रेड क्रॉस समिति की समिति बने तब दोनों साथियों को पत्रकारों का प्रतिनिधित्व करते हुए महत्वपूर्ण पद दिया जाए। वरिष्ठ पत्रकारों के सम्मान में बार.बार तालियाँ गूँजती रहीं और पूरे कार्यक्रम ने एक पारिवारिक और गौरवशाली रूप ले लिया। बुरहानुपर प्रेस क्लब अध्यक्ष दुर्गेश,बंटी शर्मा बोले रेडक्रॉस सोसाइटी चुनाव में हमारे वरिष्ठ पत्रकारों का संचालक निर्वाचित होना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। यह जीत केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि पत्रकारिता जगत की सामूहिक जीत है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब हमेशा अपने सदस्यों और पत्रकारिता हितों के लिए एकजुट खड़ा है और ऐसे सम्मान कार्यक्रम आपसी भाईचारे को और मजबूत करते हैं।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार और जर्नलिस्ट वेलफेयर ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष गणेश दुनगे,उदय वर्मा, त्रिलोकचंद जैन, बुरहानपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष बंटी नागौरी, अजहर उल हक ने भी अपने विचार सांझा किये। रेड क्रॉस के निर्वाचित संचालक द्वर्य मुकेश पूर्व एवं अजय उदासीन ने सभी पत्रकार साथियों को विश्वास दिलाया कि वे हमेशा शहर एवं पत्रकार हित में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। आभार मौसिम तडवी ने माना। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत क्लब सचिव निलेश जूनागढे ने किया इस मौके पर सशक्त पत्रकार समिति के जिला अध्यक्ष विनोद लौंडे भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सभी पत्रकार एवम पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधि और संपादक मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ और युवा पत्रकारों का संगम देखने को मिला, जिसने यह संदेश दिया कि बुरहानपुर की पत्रकारिता नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रही है।

एनसीसी इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़े में की सफाई

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर । सेवासदन महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा बुरहानपुर के प्रसिद्ध गांधी चौक स्थित महात्मा गांधीजी की प्रतिमा के पास स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें एनसीसी के कैडेट्स द्वारा प्रतिमा के समीप स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई की गई जिसमें एनसीसी के कैडेट्स द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम कैप्टन सुशील माहेश्वरी के नेतृत्व में संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष तारिका वीरेंद्रसिंहजी ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर मनीष पटेल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. एम. शकील तथा महाविद्यालयीन स्टॉफद्वारा कार्यक्रम की सराहना की और बधाई प्रेषित की।

अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना बुरहानपुर संगठन की वीरांगनाओं का होगा सम्मान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । पत्रकार जगत के शिखर पुरुष स्व. विजयकुमारसिंह शिंदे फाउंडेशन द्वारा आयोजित रोटी बैंक नि:शुल्क भोजन सेवा के संचालक संजयसिंह शिंदे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना संगठन की महिलाओं का शॉल माला और सम्मान पत्र देकर सभी महिलाओं का सम्मान किया गयाण् इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती किशोरी देवी ठाकुर,श्रीमती मीना चौहानए श्रीमती बिंदु सिंह परिहार रही। जिन पदाधिकारी को सम्मानित किया गया ।उनमें अध्यक्ष श्रीमती अंजलि चौहान ,उपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता हजारी , उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका दिक्षित ,सचिव श्रीमती सुनीता सिकरवार, सहसचिव श्रीमती रागिनी बघेल ,कोषाध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती पल्लवी चौहान, जनसंपर्क सचिव श्रीमती सरोज ठाकुर, श्रीमती रीमा दीक्षित ,श्रीमती रेखा बेस और अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय महिला संगठन की सभी मेंबर को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार मोरे सर द्वारा किया गया । आभार अध्यक्ष श्रीमती अंजलि चौहान द्वारा किया गया।

पीएम श्री स्कूल के हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

नवभारत न्यूज, नेपानगर। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत रोजगारोन्मुखी शिक्षा नीति के तहत संचालित हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेपानगर के प्राचार्य अरुण महाजनए नोडल अधिकारी सुदर्शन नाथ सेठी के मार्गदर्शन में वोकेशनल ट्रेनर कविता सोलंकी द्वारा आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं और 11वीं के हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेपानगर का दौरा किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों के कार्यप्रणालीए उपकरणों के उपयोगए रोगी देखभाल और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन से परिचित कराना था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेपानगर में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विभिन्न विभागों जैसे ओपीडीए आपातकालीन कक्षए दवा वितरण केंद्रए लैबोरेट्री का भ्रमण कराया गया। वोकेशनल ट्रेनर कविता सोलंकी ने बताया कि इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिलाए बल्कि उन्हें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में करियर की संभावनाओं और आवश्यक कौशलों के बारे में भी जानकारी प्राप्त हुई। प्राचार्य अरुण महाजन ने इस अवसर पर कहा रोजगारोन्मुखी शिक्षा नीति के तहत इस तरह के भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सेवा पखवाड़ा अभियान : पंचायतों में बनाए जा रहे है सीटीयू

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर । जिले की ग्राम पंचायतों में ब्लैक स्पॉट अर्थात् कचरे वाले क्षेत्र को चिन्हित किया गया,उन स्थानों पर सफाई कर कचरे का उचित निपटारण किया जाकर वहां सीटीयू बनाया जा रहा है। सीटीयू का पूरा नाम ष्क्लीननेस टारगेट यूनिटष्ष् हैं। इसमें पुराने टायरों का इस्तेमाल करते हुए एवं ईटों पर रंग.रोगन करके उस स्थान को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाया जा रहा है ताकिए उस स्थान में गंदगी न रहे। इसके अलावा उसके आस.पास पौधें भी लगाये जा रहे है। जिले में 176 सीटीयू का निर्माण कार्य जारी है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत जिले में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को अभियान से जुड़ने का आव्हान भी किया जा रहा है।

निमाड़ की सबसे बड़ी चुनरी पदयात्रा 28 सितंबर को रॉबोटिक झांकियां रहेंगी मुख्य आकर्षण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । खंडवा संसदीय क्षेत्र की खुशहाली,समृद्धि और विकास के लिए 28 सितंबर रविवार को भाजपा युवा नेता गजेंद्र दिनकरराव पाटील दादा मित्र मंडल के नेतृत्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री नवदुर्गा मंदिर फव्वारा चौकए बुरहानपुर से सुबह 7 बजे श्री ईच्छादेवी माता मंदिर ईच्छापुर तक 151 मीटर की भव्य पैदल चुनरी पद यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। निमाड़ के इतिहास में सबसे बड़ी निकलने वाली इस भव्य चुनरी यात्रा में धर्म प्रेमी बंधुओं से निवेदन है की वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर माँ का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस पुण्य के भागी बनें।

यह बात भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने शुक्रवार को सांसद कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में करते हुए बताया की यात्रा की शुरुआत वर्ष 2016 से की गई थी। इसका उद्देश्य युवाओं को सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों से जोड़ना है। आज यह यात्रा भव्य रूप ले चुकी है। उन्होंने धर्म प्रेमी जनता से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में सम्मिलित होकर इस धार्मिक व ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। इस बार यात्रा में रॉबोटिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

30 साल के युवा ने की शुरुआत:-चुनरी यात्रा के प्रभारी व पूर्व महापौर अनिल भोसले ने कहा की वर्ष 2016 में एक युवा के मन में विचार आया कि शारदीय नवरात्र में एक चुनरी यात्रा निकाली जाए ताकि आने वाली पीढ़ी को सनातन धर्म से जोड़कर रखा जा सके। इस उद्देश्य से भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने चुनरी यात्रा की शुरुआत की जो आज भव्य स्वरूप ले चुकी हैं। माँ इच्छादेवी सभी की मनोकामना पूर्ण करती है मेरा जिलेवासियों से अनुरोध है कि परिवार सहित इस ऐतिहासिक चुनरी यात्रा में सम्मिलित रहे। प्रेस वार्ता में जिला पंचायत सदस्य अनिल राठौर,भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज टंडन आदि मौजूद रहे।

चुनरी यात्रा एक नजर में :- चुनरी यात्रा का 10 वा वर्ष, 151 मीटर की लंबी चुनरी के साथ 25 किलोमीटर की पदयात्रा , आकर्षक झांकियां महाकाल की शाही सवारीए रॉबोटिक नंदी महाराज, 30 फीट का नरकासुर,10 फीट का रॉबोटिक टाइगर , अमरावती महाराष्ट्र के ढोल पथक , इच्छापुर में भव्य लाइट शो होगा।

एक नजर ▶ बिम्ट्स महाविद्यालय नर्सिंग अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन.....

नर्सिंग एक त्याग, समर्पण, विश्वास एवं सेवाभावी प्रोफेशन है : संचालिका राखी मिश्रा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । ग्राम झिरी स्थित ईस्वम एकेडमी ऑफ टेक्निकल एण्ड जनरल एज्युकेशन बुरहानपुर द्वारा संचालित महाविद्यालय प्रो. बृजमोहन मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड टेक्निकल साइंसेस ;बिम्ट्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बुरहानपुर में बीएससी नर्सिंग सत्र 2019.20 एवं एमएससी नर्सिंग सत्र 2020.21 के विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम पूर्ण होने के अवसर पर दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती जी एवं प्रो.बृजमोहन मिश्रा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्याथियों ने मनमोहक नृत्य एवं नाटिका प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं प्रतिक चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

बीएससी नर्सिंग सत्र 2019.20 के समस्त विद्यार्थी अपनी अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण होने बाद नर्सिंग क्षेत्र में सेवा कार्य करने के लिए तैयार हो गए है। इसी प्रकार स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एमएससी नर्सिंग सत्र 2020.21 के विद्यार्थियों का कोर्स भी सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर इन्हें कोर्स कम्प्लीशन सर्टिफिक्रेट प्रदान करने के लिए महाविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह ष्ग्रेज्युऐशन सेरेमनीष्ष् का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कुशाभाउ ठाकरे कॉलेज ऑफ नर्सिंग भोपाल की प्राचार्या डॉ.रमा तनेजा एवं संस्था संचालिका श्रीमती राखी मिश्रा,संचालक अनिल जैन,प्रशासनिक अधिकारी विशाल गोजरे,नर्सिंग प्राचार्य डॉ.रमाकांत गायकवाड, प्राचार्य सैय्यद आसिफ अलीए, डॉ.जैनुद्दीन अली, डॉ.शीतल पाटीदार, शैलेन्द्र उपाध्याय एवं प्रिन्यु थॉमस उपस्थित थे।मुख्य अतिथि रमा तनेजा ने विद्याथियों को संबोधित करते हुए उन्हें नर्सिंग प्रोफेशन की बारीकियों से अवगत कराया। संस्था संचालिका राखी मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं दी। संचालक अनिल जैन ने कहा नर्सिंग के विद्यार्थी अपने चार वर्षीय अध्ययनकाल में एक जिम्मेदार नागरिक एवं कुशल नर्सेस बनकर निकलते है। अमित मिश्रा ने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान का उपयोग जन कल्याण एवं राष्ट्रहित में करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहाए आज प्राप्त की जा रही शील्ड सिर्फ एक प्रमाणपत्र नहीं है,बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति छात्रों की ज़िम्मेदारियों की याद दिलाती है।श्री मिश्रा ने कहा कि दीक्षांत समारोह छात्रों के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। छात्रों को व्यक्तिगत उपलब्धियों को समाज और राष्ट्र से राष्ट्र सेवा के साथ जोड़ना चाहिए।